शैक्षिक कालेजों को दिए गए अनुदान

3883. **श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल:** क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि पिछले तीन वर्षों के दौरान सरकार द्वारा दिल्ली हिन्दी अकादमी, दिल्ली पंजाब अकादमी, दिल्ली उर्दू अकादमी और दिल्ली संस्कृत अकादमी को अलग-अलग कितनी धनराशि का अनुदान दिया गया?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग और संकृति विभाग) में उपमंत्री (कुमारी शैलजा): विभिन्न अकादमियों को दिए गए अनुदानों की राशि (रुपयों में) इस प्रकार है:-

अकादमी का नाम	वर्ष 1989-90	1990-91	1991-92
हिन्दी	4525856	5410184	7000000
उर्दू	6086752	5697187	5495359
पंजाबी	6806754	7133201	8965446
संस्कृत	1170507	1168717	1958277

Urdu Medium Schools under Delhi Administration

3884. SHRI MOHAMMED AFZAL *alias* MEEM AFZAL: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) what is the number of urdu medium schools together with the number of those running urdu sections under the Delhi Administration;

(b) the number of urdu teachers working there as on 31st October, 1992; and

(c) the number of vacant posts of urdu teachers as on 31st October, 1992?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (DEPARTMENT OF EDUCATION AND DEPARTMENT OF CULTURE) (KUMARI SELJA): (a) to (c) There are 16 urdu medium Government schools and 7 Government aided urdu medium schools under Delhi Administration and in 66 Government schools where urdu is being taught as a subject. The number of urdu teachers working in the schools is 236 as on 31.10.1992 and 9 posts of urdu teachers were vacant on that date.

देवी सरस्वती की मूर्ति को वापस लाया जाना

3885. **श्री शंकर दयाल सिंह:** क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार राजा भोज की आराध्य देवी सरस्वती की मूर्ति को इंगलैंड से वापस लाने का कोई प्रयास कर रही है; और

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में अभी तक क्या प्रयास किए गए हैं और इस संबंध में ब्रिटिश सरकार की प्रतिक्रिया क्या है?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग) में उपमंत्री (कुमारी शैलजा): (क) और (ख) ब्रिटिश संग्रहालय ने सूचना दी है कि सन् 1880 के लगभग मूर्ति अधिगृहीत की थी जब भारत ब्रिटिश शासन के अधीन था और तब पुरावशेषों के निर्यात को रोकने के लिए कोई कानून भी नहीं थे। इसलिए इसको वापस लाना संभव नहीं है।

उपक्रमों/बोर्डों द्वारा कम्प्यूटरों की खरीद पर खर्च की गई धनराशि

3886. **श्री राम सिंह राठवा:** क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि मानव संसाधन विकास मंत्रालय के अधीन उपक्रमों/बोर्डों और अन्य कार्यालयों द्वारा खरीदे गए कम्प्यूटर खराब पड़े हैं और कम्प्यूटर संबंधी प्रशिक्षण सुविधाओं के अभाव के कारण इनका पूरी तरह से उपयोग नहीं हो पा रहा है;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) पिछले तीन वर्षों के दौरान कितने कम्प्यूटर खरीदे गए और इन पर कितनी धनराशि खर्च की गई है; और

(घ) कितने कर्मचारियों को कम्प्यूटर संबंधी प्रशिक्षण दिया गया है?